ह. स. कं. क.

HSCC

30वीं वार्षिक रिपोर्ट

2012-13

एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड

5

सेवा वर्णक्रम

संकल्पनात्मक शिक्षण एवं प्रबंधन परामर्श
पुनर्वास आधारभूत सर्वेक्षण एवं
अर्थशास्त्र शिक्षण
जानपदिक सर्वेक्षण
निकाय योजना
साध्यता शिक्षण
पुनर्निर्माण / पुनर्गठन शिक्षण
मूल्यांकन शिक्षण
अभियांत्रिक शिक्षण
नवरूपण / पूनर्वास
आधुनिकीकरण / उन्नयन
विस्तार
उत्पादकता / कार्यकुशलता संशोधन
सुविधा डिजाइन
संकल्पनात्मक डिजाइन
प्रमुख डिजाइन
वास्तुविद्यात्मक डिजाइन / योजनाएं
अभियांत्रिक डिजाइन
उपस्कर योजना
व्यर्थ प्रबंधन
डिजाइन समन्वय
ह.स.कं.क.
HSCC
लॉजिस्टीक्स एवं स्थापना
परिवहन
समाशोधन एवं अग्रेषण
साईट वितरण
स्थापना
जांच–पड़ताल / चालू करना
प्रशिक्षण
परियोजना प्रबंधन
ठेकेदारों के चयन सहित परियोजना
योजना तथा कार्य का पुरस्कार
परियोजना निगरानी
गुणवत्ता नियंत्रण
निर्माण पर्यवेक्षण
ठेकों का प्रशासन
वित्तीय नियंत्रण
प्रापण
औषधियां एवं दवाईयां
मेडिकल उपस्कर
अन्य उपस्कर
संचार माध्यम
उपयंत्र
फर्नीचर एवं जुड़नार
सूचना तकनीकी
स्वास्थ्य एम आई एस
कार्यप्रणाली समाकलन

श्री गुलाम नबी आजाद
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण मंत्री



श्री ए. एच. खान चौधरी
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण राज्य मंत्री

श्रीमती संतोष चौधरी
माननीया केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण राज्य मंत्री



श्री केशव देसीराजु
माननीय सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

निदेशक मंडल

श्री एस. के. श्रीवास्तव
अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री ज्ञानेश पाण्डेय
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्री एस. के. राव
संयुक्त सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री एस. के. जैन
निदेशक (इंजीनियरिंग)

श्री देबीदास दत्ता
अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक

सीए. अनील ए. मसंद
अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक

प्रो. सुशील
अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक

वरिष्ठ अधिकारी

श्री ए. के. अग्रवाल
कार्यपालक निदेशक

श्री एस. ए. उस्मानी
मुख्य महाप्रबंधक
(परि. तथा डिजा. एवं इंजी.) तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी

श्री जे. पी. बहल
मुख्य महाप्रबंधक
(वित्त एवं लेखा) तथा प्रापण

श्री वी. वी. गोविन्दा राव
महाप्रबंधक (सिविल)

श्री एस. सी. गर्ग
महाप्रबंधक (परियोजना)

विषय–सूची

अध्यक्ष महोदय का भाषण 2

कार्य निष्पादन पर एक नजर 6

वित्तीय सारांश 7

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन, कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति 8

सेवा वर्णक्रम 9

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 10

सचिवालय लेखा परीक्षकों का अनुपालन प्रमाण पत्र 25

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 34

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट 35

31.03.2013 को समाप्त वर्ष का तुलन पत्र 40

31.03.2013 को समाप्त वर्ष का लाभ एवं हानि लेखा 41

अनुसूची संख्या 1 – 17 42

लेखा संबंधी आवश्यक नीतियां 49

वित्तीय विवरणों की अतिरिक्त टिप्पणियां 51

लाभांश समारोह 2012–13



दिनांक 02.08.2013 को श्री केशव देसीराजु, सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), मंत्रालय के अधिकारीगण, शेयर–धारक, एच एस सी सी के निदेशक एवं अधिकारियों की उपस्थिति में श्री ज्ञानेश पाण्डेय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एच एस सी सी द्वारा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माननीय श्री गुलाम नबी आजाद को वर्ष 2012–13 का लाभांश चैक राशि ₹ 4,68,03,510 प्रस्तुत किया गया।

30वीं आम–सभा बैठक

दिनांक 31.07.2013 को एच एस सी सी की 30वीं वार्षिक आम सभा बैठक (AGM) का आयोजन शेयर–धारकों, सभा निदेशकों तथा एच एस सी सी के अधिकारियों की उपस्थिति में सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) के कार्यालय में सम्पन्न हुआ।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की ओर से .....

प्रिय अंशधारकों,

मुझे आपकी कम्पनी की 30वीं वार्षिक आम–सभा बैठक (Annual General Meeting) में आप सभी का स्वागत करते हुये बेहद खुशी हो रहा है। यह वास्तव में एक विशेष अवसर है तथा मैं खुश हूँ कि इस अवसर पर आप हमारी इस खुशी को बांटने के लिये यहां उपस्थित हैं। आपकी कम्पनी की 31 मार्च, 2013 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट आपकी आज्ञा से मुझे आपके सम्मुख रखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

उपलब्धियों की समीक्षा

जैसा कि आपने वार्षिक रिपोर्ट में देखा होगा, वर्ष 2012–13 के दौरान, हमने विकास की तर्ज पर तेजी से उन्नति करते हुये कॉरपोरेट रणनीति एवं गुणवत्ता के उच्चतम मानकों पर रहकर एक और वर्ष पूरा कर लिया है जो कम्पनी के शानदार वित्तीय परिणाम एवं उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि विशेषरूप से जब अर्थव्यवस्था में जबरदस्त मंदी और मुद्रास्फीति में अधिकतम गिरावट तथा व्यापार जगत में चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद कम्पनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके यह उपलब्धि हासिल की गई है।

मुझे आपको सूचित करते हुये खुशी हो रही है कि 31 मार्च, 2013 को वर्ष की समाप्ति तक आपकी कम्पनी ने समस्त क्षेत्रों एवं कार्यकलापों में निरन्तर प्रगति की है।

वर्ष 2012–13 की उपलब्धियां

कम्पनी ने निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त की हैं :–

- गत वर्ष की 30.90% वृद्धि के परिणामस्वरूप कुल आय (Total Income) 4458 लाख रूपये के मुकाबले इस वर्ष 5835 लाख रूपये का अधिकतम लाभ हुआ है जोकि अब तक की उच्चतम आय है।
- गत वर्ष की 15.40% वृद्धि के परिणामस्वरूप परामर्श शुल्क (Consultancy Fee) 2929 लाख रूपये से बढ़कर 3380 लाख रूपये हो गया है।
- गत वर्ष की 53.10% वृद्धि के परिणामस्वरूप कर पूर्व लाभ (Profit Before Tax–PBT) 2352 लाख रूपये से बढ़कर 3600 लाख रूपये हो गया है।
- गत वर्ष की 53.50% वृद्धि के परिणामस्वरूप सकल–लाभ (Net Profit) 1471 लाख रूपये के मुकाबले इस वर्ष बढ़कर 2257 लाख रूपये हो गया है।
- गत वर्ष की 18.82% वृद्धि के परिणामस्वरूप आरक्षित एवं अधिशेष (Reserves & Surplus) पूंजी भी 8708 लाख रूपये से बढ़कर 10347 लाख रूपये हो गयी है।
- गत वर्ष की 18.32% वृद्धि के परिणामस्वरूप, नेटवर्थ (Net Worth) भी 8948 लाख रूपये के मुकाबले बढ़कर 10587 लाख रूपये हो गयी है।
- गत वर्ष की प्रदत्त शेयर पूंजी (Paid Up Capital) 125% से बढ़कर 195% की तुलना में 300.02 लाख रूपये से बढ़कर 468.03 लाख रूपये की वृद्धि करके अब तक का सबसे उच्चतम लाभांश अर्जित किया है।
- गत वर्ष की 53.34% वृद्धि के परिणामस्वरूप अब तक की उच्चतम प्रति–शेयर अर्जन (Earning Per Share) 613 लाख रूपये से बढ़कर 940 लाख रूपये हो गयी है।

चल रही परियोजनाएं (On-Going Projects)

निर्धारित वर्ष के दौरान कम्पनी को डिजाइन एवं इंजीनियरिंग, परियोजना एवं प्रापण प्रबंधन इत्यादि विभिन्न अति–विशिष्ट एवं चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में परामर्शदायी सेवाएं प्रदान करने का अधिकतम कार्य पुरस्कृत किया गया है।

एच एस सी सी वर्तमान में जिन परियोजनाओं में परामर्शदायी सेवाएं प्रदान कर रही है, वे ये हैं :–

- एम्स (AIIMS) - पी.सी. शैक्षिक ब्लॉक, डाइनिंग ब्लॉक, छात्रावास ब्लॉक, शल्य–चिकित्सा ब्लॉक तथा एम्स (AIIMS) का मास्टर प्लान इत्यादि
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज (LHMC), दिल्ली

- आयुष (Ayush), सरिता विहार, नई दिल्ली
- सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली का पूनर्विकास
- एम्स (AIIMS), रायबरेली
- पी.जी.आई (PGI), चंडीगढ़
- नर्सिंग कॉलेज एवं सब–स्टेशन, पटियाला
- उन्नत केंसर डायग्नोस्टिक, उपचार एवं अनुसंधान केन्द्र, भटिंडा
- पी.एम.एस.एस.आई. (PMSSY) – अमृतसर, कोलकता, भुवनेश्वर, टांढा
- निग्रिहम्स (NEIGRIHMS), शिलौंग
- आयुष (Ayush), शिलौंग
- साधारण अस्पताल, नाहरलागुन
- क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान – RIMS (पैकेज I एवं II), इम्फाल
- लोकोप्रिय गोपीनाथ बोरदोलई क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान LGBRIMH (पैकेज I एवं II), तेजपुर
- क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र (RMRC), डिब्रुगढ़
- राष्ट्रीय यूनानी औषध संस्थान (NIUM), बैंगलोर

प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूती (Strengthening Competitiveness)

एच एस सी सी ने कठोर प्रतिस्पर्धात्मकता के माध्यम से कुछ परियोजनाओं को सुरक्षित कर लिया है जैसे :–

- करनाल, हरियाणा में कल्पना चावला शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण
- बाल चिकित्सा अस्पताल, श्रीनगर की विस्तृत वास्तुविद्ध योजना एवं डिजाइन
- मातृ–शिशु अस्पताल, जम्मू एवं कश्मीर
- माइक्रोबॉयल टैक्नोलॉजी, चण्डीगढ़ हेतु (टाईप V) हाऊसिंग का निर्माण
- राष्ट्रीय पशु बायो–टैक्नोलाजी संस्थान (NIAB), हैदराबाद
- बैंगलोर मैट्रो रेल कॉरपोरशन, बैंगलोर हेतु वानी विलास अस्पताल में मैट्रो ब्लॉक
- पशु चिकित्सा जैविक उत्पाद संस्थान, पूणे हेतु वैक्सीन प्रसंस्करण सुविधाएं
- राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), खड़गपुर
- सरकारी मेडिकल कॉलेज, पालाक्कड़, केरला
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) – हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़

एच एस सी सी ने जोरदार प्रयासों द्वारा प्रतियोगिता के माध्यम से परियोजनाओं को सुरक्षित किया है। हमारा पूरा ध्यान मौजूदा एकीकृत व्यापार मॉडल प्रतिस्पर्धा अनुसार जैसे अपने को स्वीकृत स्वीकार किया गया है तथा यह अपनी विश्वसनीयता एवं अवसर को भुनाने के लिये हमारी क्षमता में वृद्धि करने के लिये जरूरी भी है।

मिनी रत्न स्थिति / समझौता ज्ञापन (Mini Ratna Status / MOU)

सितम्बर, 1999 से एच एस सी सी लगातार " मिनी रत्न " होने की उपाधि को बनाये हुये है। वर्ष 2012–13 के निर्धारित समझौता ज्ञापन (MOU) के तहत, कम्पनी को परियोजना उपलब्धियों की समाप्ति तथा उनमें सुधार करने हेतु इसे पूर्णतयाः सक्षम किया गया है। तदनुसार, यह संभावना की जा रही है कि वर्ष 2012–13 के लिये भी, लोक उद्यम विभाग (Deptt. of Public Enterprises) द्वारा समझौता ज्ञापन (MOU) मूल्याकंन के आधार पर एच एस सी सी को सर्वश्रेष्ठ (Excellent) होने का दर्जा मिलेगा।

निगमित सामाजिक दायित्व (Corporate Social Responsibility)

कम्पनी के समस्त कार्यकलाप हैल्थ–केयर से संबंधित हैं, अतः इसके समस्त कार्यकलाप एवं प्रचालन परोक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक दायित्वों से जुड़ें हैं। वर्ष 2012–13 के दौरान, दिनांक 13.06.2012 को कम्पनी ने अपने कॉरपोरेट कार्यालय, नौएडा में रक्त–दान शिविर (Blood Donation Camp) का आयोजन किया है तथा निगमित सामाजिक दायित्व (Corporate Social Responsibility) के तहत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में 4 लाख रूपये का अंशदान दिया है। अभी हाल ही में, कम्पनी तथा उसके कर्मचारियों ने भी उत्तराखण्ड आपदा राहत हेतु 32 लाख रूपये का अंशदान दिया है।

मानव संसाधन (Human Resource)

लागत, गुणवत्ता और सेवा – ये तीन शब्द एच एस सी सी को मानव संसाधन प्रबंधन विभाग को प्रतिस्पर्द्धा हेतु प्रेरित करते हैं। हम अपनी मानव संसाधन नीतियों को प्रतिभाशाली बनाकर कर्मचारियों की भर्ती और कम्पनी में इन्हें एकीकरण की सुविधा, उनके कौशल के विकास को प्रोत्साहित करने और उनकी भौगोलिक और व्यावसायिक गतिशीलता बढ़ाने की दिशा में करने के उद्देश्य से नवीनतम कर रहे हैं।

कम्पनी के सतत विकास और प्रभावशाली प्रदर्शन को बदलकर बारीकी से कम्पनी की कॉरपोरेट योजना और रणनीति के साथ उसका गठबंधन कर रहे हैं, जिन्हें मानव संसाधन प्रणालियों और प्रक्रियाओं को कार्यान्वित करने के लिये जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

कम्पनी पर काम के बोझ को पूरा करने के लिये, देश भर के तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों से प्रबंधन स्तर के कनिष्ठ और मध्यम प्रबंधन स्तर के प्रशिक्षुओं (Trainees) की आवश्यक भर्ती प्रक्रिया में हैं।

प्रशिक्षण और सम्मेलन (Training & Seminar)

हाल ही में, एच एस सी सी द्वारा स्टैक–हौल्डर्स के हितों एवं हैल्थ–केयर सैक्टर में अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण के इंजीनियरिंग पहलू (Engineering Aspect of Infection Control in Hospital) की पहली श्रृंखला पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

विश्वव्यापी कारोबार (Global Business)

आपकी कम्पनी ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से विदेशों में भी व्यापारिक अवसरों को प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। एच एस सी सी ने परियोजना प्रबंधन के तहत श्रीलंका में अपना साईट ऑफिस स्थापित किया है तथा डिस्ट्रीक्ट जनरल अस्पताल, डिकोया, श्रीलंका में विभिन्न मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति की जा रही है।

बीर अस्पताल – ट्राऊमा सेन्टर, काठमांडू, नेपाल में विभिन्न मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति की जा रही है।

एच एस सी सी अधिकारियों की एक टीम ने म्यांमार देश का दौरा किया है जिसके अनुसार म्यांमार सरकार ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं और संबंधित क्षेत्रों में पूर्व व्यवहार्यता अध्ययन हेतु एक परिदृश्य तैयार करने तथा अपने दो मौजूदा अस्पतालों में मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति तथा उनके उन्नयन हेतु वहां से प्रस्ताव आया है।

एच एस सी सी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (NIHFW) के सहयोग से मेडिकल के पेशेवर लोगों के लिये 2 अस्पताल (बच्चों का अस्पताल – यंग्गुन तथा साधारण अस्पताल – सिटवे, म्यांमार) स्थापित करने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया है :–

- " आपातकालीन तैयारी हेतु अस्पताल में संस्थागत प्रशिक्षण " तथा " आई.सी.यू. का प्रबंधन (वयस्क) " विषय पर दो सप्ताह का कार्यक्रम
- " आई.सी.यू. नवजात और बाल चिकित्सा " और " शिशुओं के मामलों पर प्रबंधन " विषय पर तीन सप्ताह का कार्यक्रम

विश्व में परामर्श सेवाएं प्रदान करने वाले संगठन के रूप में कम्पनी को जाना जाये, इसके लिये वह अपने समस्त कार्यकलापों जैसे बिल्डिंग इंजीनियरिंग तथा रख–रखाव एवं ग्राहक आधारित सेवाओं को भी विस्तृत एवं विविधता लाने का प्रयास कर रही है। अफगानिस्तान, म्यांमार, सुडान, नेपाल, भुटान, जिम्बावे तथा अन्य देशों से और व्यापार आने की संभावना है।

वृद्धि पर दृष्टि (Growth Vision)

भारत और ओवरसीज देशों में स्वास्थ्य क्षेत्रों में मूल्य–वर्धित, अभिनव और एकीकृत सेवाएं प्रदान करने वाली विभिन्न सेवाएं, अन्य बुनियादी ढ़ांचा परियोजनाओं में अपनी कोर क्षमता का लाभ एवं अपने पेशेवर कर्मचारियों को एक बल–वर्द्धक और सक्रिय काम करने का माहौल पैदा करके परामर्शदायी सेवाएं प्रदान करने वाली एक अग्रणी कम्पनी के रूप में जाना जाये।

निगमित प्रशासन (Corporate Governance)

अच्छा कॉरपोरेट प्रशासन हमेशा आपकी कम्पनी की पहचान रहा है। कम्पनी के समस्त प्रदर्शन में व्यापार के नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के क्रम में अपने व्यवहार में पारदर्शिता और देश के कानूनों और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट इकाई के रूप में, आपकी कम्पनी में अच्छे निगमित प्रशासन, आचरण पर देख–रेख और पारदर्शिता, अखंडता, व्यावसायिकता, जवाबदेही तथा उचित प्रकटीकरण के पहलुओं की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा निगमित प्रशासन पर निर्धारित दिशा–निर्देशों के संदर्भ में, अपेक्षित रिपोर्ट को तैयार करके मंत्रालय में नियमित रूप से भेजा जा रहा है।

आभारोक्तियां (Acknowledgement)

अन्त में, निदेशक मण्डल और प्रबंधन की ओर से, मैं हमारे सभी सम्मानीय शेयर–धारकों को धन्यवाद देता हूँ जिनका हम पर निरन्तर भरोसा, समर्थन एवं विश्वास बना हुआ है तथा जो हमारे सदैव प्रेरणा–स्रोत हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का बहुमूल्य समर्थन, निदेशक बोर्ड एवं शेयर–धारक हमेशा शक्ति–स्रोत रहे हैं। कम्पनी को प्रदान किये गये बहुमूल्य मार्ग–दर्शन, सहयोग और समर्थन के लिये मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूँ।

मैं कम्पनी के मूल्यवान ग्राहकों, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय (MEA), एम्स (AIIMS), पी.जी.आई. (P G I), चंडीगढ़, पंजाब सरकार, हरियाणा सरकार, केरला सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार तथा अन्य बिजनेस एसोसिएट्स द्वारा उनके निरन्तर समर्थन और विश्वास के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। कम्पनी का ध्यान, हमेशा की तरह ग्राहकों की संतुष्टि पर सदैव केंद्रित रहेगा।

मैं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG), सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा आंतरिक लेखा परीक्षकों का भी उनके मूल्यवान सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

अन्त में थोड़ा किन्तु कम नहीं, मैं कम्पनी के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों को पूरा करने में उनके निरंतर प्रयासों के लिये एच एस सी सी के समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद देता हूँ। मुझे विश्वास है, एच एस सी सी के कर्मियों के निरंतर प्रयासों के साथ, इस सतत विकास और प्रदर्शन को बनाए रखना संभव होगा।

धन्यवाद,

(ज्ञानेश पाण्डेय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान :– नई दिल्ली
तिथि :– 31 जुलाई, 2013

कार्य निष्पादन पर एक नजर

दिनांक 31.03.2013 को समाप्त वर्ष में अब तक फिर से उत्कृष्ट परिणाम दर्शाते हुये कम्पनी ने कर–पश्चात लाभ (Profit After Tax) 2257 लाख रूपये तथा 5835 लाख रूपये का उच्चतम कारोबर अर्जित किया है।

वर्ष 1983 में 40 लाख रूपये की प्रदत्त पूंजी के साथ कम्पनी के सुत्रपात होने से अब तक आरक्षित एवं अधिशेष राशि में से 200 लाख रूपये के बोनस शेयर्स जारी करके कम्पनी ने अपनी प्रदत्त पूंजी को 240 लाख रूपये बढ़ाकर बेहतरीन परिणाम अर्जित किये हैं। दिनांक 31.03.2013 को नेट–वर्थ (Net-Worth) 10587 लाख रूपये को पार कर गया है।

कम्पनी में अधिकतम राजस्व और उच्चतम लाभ से ओत–प्रोत नेट–वर्थ को निरन्तर बढ़ाने के साथ ही साथ इसे भावी पीढ़ी हेतु मजबूत स्थिति में बनाने के लिए एच एस सी सी के उद्देश्य और उसकी रणनीति सदैव प्रतिबध हैं। इस तरह से हम अपने तुलन–पत्र (Balance Sheet) को मजबूत बनाकर अपने शेयर–धारकों को आर्कषक लाभांश देकर इससे एक ही समय में कम्पनी के मूल्य में निरन्तर वृद्धि होती रहेगी।

हम हमने ग्राहकों को स्वास्थ्य एवं हैल्थ केयरों के क्षेत्रों में विशिष्ट गुणवत्ता के साथ–साथ नवीनतम सेवाओं को समय पर प्रदान करने वाले प्रदायक के रूप में निरन्तर प्रतिबध हैं।

(रूपये लाख में)

विवरण	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13
आय	3273	3315	3346	4458	5835
कर पूर्व लाभ	1533	1346	1321	2352	3600
निवल लाभ	970	859	834	1472	2257
लाभांश	208	173	173	300	468
कुल आर्डर बुक (शुल्क)	3425	3663	2195	5904	24928
समझौता ज्ञापन के अधीन कोटि निर्धारण	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट (प्रत्याशित)

कुल आय



निवल मूल्य



इस दशक के वित्तीय परिणामों पर एक नजर

(आंकड़े रूपये लाख में)

विवरण	03-04	04-05	05-06	06-07	07-08	08-09	09-10	10-11	11-12	12-13
वित्तीय निष्पादन										
प्रदत्त पूंजी	160	160	160	160	160	240	240	240	240	240
आरक्षित एवं सरप्लस	3522	3838	4554	5111	5695	6341	6999	7632	8708	10347
निवल मान	3682	3998	4714	5271	5855	6581	7239	7872	8948	10587
कुल स्थायी परिसम्पत्तियां	363	336	749	727	707	675	632	615	600	685
कार्यशील पूंजी	3321	3631	3901	4455	5105	5811	6440	7117	33398	10200
लगाई गई पूंजी	3684	3998	4714	5271	5855	6581	7072	7731	8808	10885
परिचालन आंकड़े										
परामर्श शुल्क	2010	1078	1845	1678	1740	1936	2097	2311	2929	3380
ब्याज और अन्य आय	558	562	785	845	1356	1337	1218	1034	1529	2455
कुल आय कारोबार	2568	1641	2630	2523	3096	3273	3315	3346	4458	5835
व्यय	868	925	1115	1224	1711	1696	2002	1993	2048	2203
सकल लाभ	1700	716	1515	1299	1385	1577	1385	1357	2409	3632
मूल्यह्रास	50	40	42	45	45	44	39	36	58	32
कर पूर्व लाभ	1650	676	1474	1254	1340	1533	1346	1321	2352	3600
कर पश्चात लाभ	1028	418	962	798	836	970	859	834	1472	2257
लाभांश	210	88	216	208	208	208	173	173	300	468
जनशक्ति										
कर्मचारी (संख्या में)	120	125	133	130	132	139	135	132	124	123
(नियमित वेतनमानों पर)										
अनुपात										
पी. बी. टी. / आय (प्रतिशत)	64	41	56	50	43	47	41	39	53	61.70
शुद्ध लाभ / आय (प्रतिशत)	40	25	37	32	27	30	26	25	33	38.68
निवल लाभ / निवल मान	28	10	20	15	14	15	12	11	16	21.32
प्रति कर्मचारी अर्जन	21	13	20	19	23	24	25	25	36	47.44
प्रति कर्मचारी अर्जन (ई. पी. एस.)(रूपये)	642	261	601	499	523	404	358	347	613	940
प्रति–शेयर बुक–वेल्यू (रूपये)	2301	2499	2946	3294	3659	2742	3016	3280	3728	4411

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन और कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

दृष्टि (Vision)

भारत एवं ओवरसीज देशों में हैल्थ–केयर से जुड़ी मूल्य–वर्द्धित, समन्वित एवं नवीनतम सेवाओं को उपलब्ध करवा कर इसके विद्धवान संव्यवसायिक कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में बल–वर्द्धक एवं कुशलतम कार्य–संस्कृति का निर्माण करनी वाली प्रमुख कम्पनी के रूप में जाना जाये।

लक्ष्य (Mission)

भारत एवं ओवरसीज देशों में भवनों का निर्माण एवं विकास तथा हैल्थ–केयर तथा संबंधित अन्य क्षेत्रों में परामर्शदायी संबंधी सेवाओं तथा व्यापक संकल्पना, प्रोजैक्ट परियोजना, वास्तुविद्ध, इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, प्रापण संबंधित कार्यों के विद्धता–पूर्वक ढांचे को उपलब्ध करना।

कॉरपोरेट मूल्यांकन
(Corporate Values)

- ग्राहकों की मूल्यवृद्धि पर विशेष ध्यान देना।
- संगठन के अन्दर सृजनशीलता एवं नवीनता को विकसित करना।
- विद्धता संगठन का सर्जन करना।
- टीम–स्प्रीट की भावना अपनाकर अपने समस्त कार्यकलापों को योग्य बनाना।

कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति
(Corporate Quality Policy)

स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उत्कर्ष परामर्शी सेवाएं प्रदान करके नेतृत्व और ग्राहकों के प्रति विश्वास की भावना बनाए रखना ।

सेवा वर्णक्रम

संकल्पनात्मक शिक्षण एवं प्रबंधन परामर्श

- पुर्नवास आधारभूत सर्वेक्षण एवं अर्थशास्त्र शिक्षण
- जानपदिक सर्वेक्षण
- निकाय योजना
- साध्यता शिक्षण
- पुनर्निर्माण / पुनर्गठन शिक्षण
- मूल्यांकन शिक्षण

प्रापण

- औषधियां एवं दवाईयां
- मेडिकल उपस्कर
- अन्य उपस्कर
- संचार माध्यम
- उपयंत्र
- फर्नीचर एवं जुड़नार

परियोजना प्रबंधन

- ठेकेदारों के चयन सहित परियोजना योजना तथा कार्य का पुरस्कार
- परियोजना निगरानी
- गुणवत्ता नियंत्रण
- निर्माण पर्यवेक्षण
- ठेकों का प्रशासन
- वित्तीय नियंत्रण

सुविधा डिजाइन

- संकल्पनात्मक डिजाइन
- प्रमुख डिजाइन
- वास्तुविद्यात्मक डिजाइन / योजनाएं
- अभियांत्रिक डिजाइन
- उपस्कर योजना
- व्यर्थ प्रबंधन
- डिजाइन समन्वय

अभियांत्रिक शिक्षण

- नवरूपण / पूनर्वास
- आधुनिकीकरण / उन्नयन
- विस्तार
- उत्पादकता / कार्यकुशलता संशोधन

लॉजिस्टीक्स एवं स्थापना

- परिवहन
- समाशोधन एवं अग्रेषण
- साईट वितरण
- स्थापना
- जांच–पड़ताल / चालू करना
- प्रशिक्षण

सूचना तकनीकी

- स्वास्थ्य एम आई एस
- कार्यप्रणाली समाकलन

निदेशक मंडल की रिपोर्ट

सेवामें,

अंशधारकों,
एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड

आपके निदेशकों को कम्पनी के कार्यकलापों और प्रचालन से संबंधित 30वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा 31 मार्च, 2013 को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित लेखों और सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

वित्तीय विशेषताएँ

वर्ष 2011–12 के तुलनात्मक आंकड़ों सहित वर्ष 2012–13 के समस्त वित्तीय परिणामों का सार निम्नानुसार है जो कम्पनी की ठोस एवं स्वस्थ स्थिति को दर्शाते हैं : –

(लाख रूपये में)

विवरण	2012-13	2011-12
सकल आय	5835.30	4457.82
सकल व्यय	2202.49	2048.40
सकल लाभ	3632.81	2409.42
मूल्यह्रास	32.08	57.55
कर पूर्व लाभ	3600.73	2351.87
कराधान (निवल)	1343.61	880.09
कर पश्चात निवल लाभ	2257.12	1471.78
लाभांश	468.03	300.02
निवल मान	10587.40	8948.30
प्रति–शेयर अर्जित (रूपये)	940.00	613.00

इस वर्ष 31 मार्च, 2013 तक आपकी कम्पनी ने संतोषजनक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। गत वर्ष कम्पनी का सकल लाभ उसकी सकल आय के मुकाबले बढ़कर 31 % तथा कुल लाभ 53 % हो गया है।

पूंजीगत ढांचा

वर्ष के दौरान समीक्षा करने पर कम्पनी की प्राधिकृत पूंजी और प्रदत्त शेयर पूंजी 500 लाख रूपये और 240.01 लाख रूपये तक स्थिर रही है।

लाभांश

निदेशकों ने प्रदत्त शेयरपूंजी पर @195% की दर से कम्पनी के सकल लाभ का 468.03 लाख रूपये की राशि संतुति की है। यह वार्षिक आम सभा बैठक में सदस्यों के अनुमोदन हेतु विचाराधीन है। इसमें व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सिफारिशों के अनुसार 20.73% पूर्व कर लाभ से अधिक लाभांश देने की सिफारिश की है। कंपनी निरंतर 28 वर्षों से लाभांश की घोषणा करती आ रही है तथा वर्ष 2012–13 तक संचयी लाभांश 3058.19 लाख रूपये था।

सामान्य आरक्षित निधि का विनियोजन

लाभांश और आयकर के लिए प्रावधान रखने के बाद निदेशक मण्डल ने लाभ एवं हानि खाते में लिखे शुद्ध लाभ में से 200 लाख रुपये (पिछले वर्ष 200 लाख रुपये) सामान्य आरक्षित निधि में अंतरित करने की सिफाारिश की है। सरप्लस के अलावा 31.03.2013 तक संचयी सामान्य आरक्षित निधि 10347.38 लाख रुपये (पिछले वर्ष 8708.30 लाख रूपये) हो गयी है।

निष्पादित विशेषताएं

कम्पनी अपने समस्त कार्यकलापों एवं गतिविधियों में निरन्तर प्रगति कर रही है। अपनी सेवाओं को विस्तृत करने हेतु कम्पनी द्वारा विभिन्न स्तरों पर कारगर कदम उठाये जा रहे हैं। अपितु, कम्पनी द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न तकनीकी सेवाओं के इस्तेमाल के लिये तकनीकी क्षेत्रों में उच्च डिग्री प्राप्त कुछेक विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं की सेवाएं ली जा रही हैं।

वर्ष के दौरान कम्पनी ने **अनुसंधान एवं विकास** के क्षेत्रों में निरंतर नवीनता लाने के लिये प्रयास किया है तथा इस संबंध में प्राप्त किये गये 5.80 लाख रूपये का विवरण निम्नांकित है :–

- कम्पनी ने मेडिकल डॉक्टरों / वैज्ञानिकों / तकनिशियनों द्वारा बॉयो–सैफटी कैबिनेट को इस्तेमाल किये जाने वाली रिपोर्ट को तैयार किया है।
- कम्पनी ने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और उन पर निगरानी रखने के लिये एक प्रणाली विकसित की है।

वर्ष के दौरान कम्पनी ने **नवीनता का विकास** करने के लिये जिन परियोजनाओं की समीक्षा की तथा इस संबंध में प्राप्त किये गये 5.73 लाख रूपये का विवरण निम्नांकित है :–

- कम्पनी ने अस्पताल परियोजनाओं और अस्पतालों में ओ.पी.डी. मरीजों को क्यू मैंनेजमेंट (Q – Management) हेतु ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा के विकास के लिये रिपोर्ट तैयार की।
- कम्पनी ने सतत घटनाक्रम के पहलूओं पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया है।
- कम्पनी ने कॉरपोरेट कार्यालय भवन, नौएडा में सौर उर्जा संयत्र / उपकरण स्थापित किया है।

वर्ष के दौरान कम्पनी ने **कॉरपोरेट निगमित दायित्व** (Corporate Social Responsibility) का विकास करने के लिये जिन परियोजनाओं की समीक्षा की है, वे निम्नलिखित हैं :–

- वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने प्रधान मंत्री राहत कोष (Prime Minister Relief Fund) में अंशदान हेतु 4 लाख रूपये का योगदान दिया है।
- कम्पनी ने रक्त–दान शिविर (Blood Donation Camp) का भी आयोजन किया है इस गतिविधि पर 1.52 लाख रूपये की राशि खर्च की है।

वर्ष 2012–13 के दौरान, कम्पनी को कुछेक प्रतिष्ठित परियोजनाओं के लिए परामर्शी एवं परियोजना में प्रबंध सेवाएं प्रदान करने का काम साथ ही डिजाइन एवं इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन तथा चिकित्सा उपकरण, दवाइयां एवं औषधि इत्यादि का भी काम मिला है। एच एस सी सी इस समय जिन प्रमुख परियोजनाओं के लिए वास्तुविद संबंधी योजना, डिजाइन एवं अभियांत्रिकी, परियोजना प्रबंधन, प्रापण तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में परामर्शी सेवाएं प्रदान कर रही है, उसकी सूची अनुबन्ध – I में दर्शायी गई है :–

आदेश बुक (Order Booked)

वर्ष 2012–13 के दौरान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अलावा नये आदेश बुक करने पर 6462 लाख रूपये तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और उसके संस्थानों पर 18466 लाख रूपये राशि बुक की गई है।

समझौता–ज्ञापन (Memorandum of Understanding)

कम्पनी पिछले एक दशक से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (M O U) पर हस्ताक्षर करती आ रही है। कम्पनी अच्छे परिणामों के लिये वर्ष 2011–12 हेतु सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा "सर्वश्रेष्ठ" आंकी गई है तथा आशा है वर्ष 2012–13 में अच्छे परिणामों के आधार पर कम्पनी को "सर्वश्रेष्ठ" आंका जायेगा। कम्पनी का यह लगातार 5वां वर्ष है जब इसे "सर्वश्रेष्ठ" आंका जायेगा।

विदेशी मुद्रा का विवरण

(लाख रूपये में)

	2012-13	2011-12
क. खर्चे (Expenditure)		
- यात्रा	0.30	शून्य
- सी.आई.एफ. पूंजीगत माल पर आयात (ग्राहकों की ओर से)	17.83	243.10
ख. आय (Income)	**शून्य**	**शून्य**

मानव संसाधन (Human Resources)

किसी भी कम्पनी की वास्तविक सम्पत्ति उसका मानव संसाधन होती है। कंपनी में 31 मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार 123 कर्मचारी नियमित वेतनमान पर थे, जिनमें से 44 कर्मचारी स्थाई तथा 39 कर्मचारी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 2 कर्मचारी शारीरिक रूप से विकलांग वर्ग के हैं। वर्ष भर कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच सौहार्द–पूर्ण ताल–मेल बना रहा। बदलते परिवेश की आवश्यकतानुसार, एच एस सी सी अपने कर्मचारियों के ज्ञान का निरन्तर उन्नयन करती आ रही है। वर्ष के दौरान, कम्पनी ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण संबंधी प्रति कर्मचारी लगभग 1 मेनडे (कुल 271 मेन–डेज) के अनुसार विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये हैं। इसके अतिरिक्त, कम्पनी द्वारा इस दिशा में उनकी दक्षता और उन्नति हेतु उनका विकास किया जा रहा है। कम्पनी अपने संगठन में अल्प–संख्यकों को रोजगार देने का स्तर बनाये रखने का हर संभव प्रयास करती है।

कल्याण कार्यक्रम (Welfare Activities)

कम्पनी अपने कर्मचारियों को निरन्तर अभिप्रेरित करने के लिए कर्मचारियों एवं उनकी फैमली के लिये विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों एवं हित–लाभ, पारिवारिक मेल–मिलाप, पिकनिक, वार्षिक दिवस इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन करती है।



योगशालाओं के दौरान एच एस सी सी कर्मचारी तथा योग गुरू श्री सुरक्षित गोस्वामी जी योगासन करते हुये

राजभाषा की उन्नति एवं कार्यान्वयन

कार्यालय में वर्ष 2012–13 के दौरान राजभाषा हिन्दी के इस्तेमाल को बढ़ाने के संबंध में राजभाषा अधिनियम तथा उसके नियमों में भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के सक्रिय प्रयास जारी हैं। कर्मचारियों को अपने दैनिक राजकीय कार्यों में हिन्दी की कार्यकारी जानकारी को इस्तेमाल करने की प्रेरणा दी गई है। सभी मानक प्रपत्र, फाईल आदि द्विभाषी रूप में प्रयोग किए जा रहे हैं। हिन्दी में टिप्पण, प्रारूपण और पत्राचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हिन्दी में उत्साहवर्धक काम करने के उद्देश्य से कम्पनी में 14.09.2012 से 28.09.2012 के दौरान हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया है, जिसके दौरान हिन्दी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं हैं। इसके अलावा, कम्पनी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा इकाई की सदस्य भी है, जिसके तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, बैठकों, संगोष्ठियों इत्यादि में प्रतिनिधित्व भी करती है। एच एस सी सी में दिनांक 26.06.2012 तथा 19.12.2012 को कम्प्यूटर आधारित यूनीकोड एनेबल संबंधित कार्यालय कार्यों में राजभाषा की उपयोगिता विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कम्पनी के कर्मचारियों ने राजभाषा एवं प्रबंधन विकास संस्थान द्वारा दिनांक 06.11.2012 तथा 08.11.2012 को गोवा में आयोजित 23वां अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन एवं कार्यशाला में तथा दिनांक 26.12.2012 से 27.12.2012 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा निमहंस, बैंगलोर में आयोजित हिन्दी सम्मेलन तथा कार्यशाला में भाग लिया है।

श्री नरेन्द्र पाल सिंह, उप–प्रबंधक (सिविल) निमहंस (NIMHANS), बैंगलोर में हिन्दी पुरस्कार ग्रहण करते हुये

सतर्कता (Vigilance)

यह कम्पनी एक छोटी परामर्शदायी संगठन है, इसलिए कम्पनी में अलग से कोई सतर्कता एकक नहीं है। मुख्य महाप्रबंधक श्री एस. ए. उस्मानी, अशं–कालिक, मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। वर्ष के दौरान, सतर्कता विभाग मैनेमैंट के महत्वपूर्ण विभाग के रूप में कार्यरत है। सांविधिक एजेंसियों को वापसी एवं रिर्पोट भेज दी जाती है एवं सतर्कता आयोग से समय–समय पर प्राप्त होने वाले नियमों, अनुदेशों का कठोरता से पालन किया जाता है तथा संबंधित निवारक तत्वों को अपनाया जाता है एवं मांगे गये तत्वों को समय पर उचित माध्यम से दिया जाता है। वर्तमान प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में अग्रेषित सुधार एवं उन्नति हेतु उनकी समीक्षा जारी है तथा कम्पनी के कार्यकलापों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये कारगर कदम उठाये गये हैं। कर्मचारियों में उच्चतम नैतिकता बनाये रखने के लिये कम्पनी में 29.10.2012 से 03.11.2012 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है। यहां पहले दिन ही कर्मचारियों द्वारा शपथ गृहण समारोह आयोजित किया गया है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर श्री ज्ञानेश पाण्डेय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एच एस सी सी तथा श्री एस. ए. उस्मानी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एच एस सी सी के कर्मचारियों को सतर्कता शपथ दिलाते हुये

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निदेश

एक सरकारी कम्पनी होने के नाते, भारत के राष्ट्रपति ने प्राधिकृत दिशा–निदेश जारी किये हैं। वर्ष के दौरान समीक्षा करने पर, राष्ट्रपति की ओर से अनुपालन हेतु कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

कर्मचारियों का ब्यौरा

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2 ए) के तहत वेतन पाने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा, कंपनी नियमावली, 1975 के साथ पठित, समय–समय पर संशोधन के रूप में, कम्पनी के कर्मचारियों में से कोई भी प्रतिवर्ष 60 लाख रूपये या 5 लाख रूपये प्रतिमाह के पारिश्रमिक की प्राप्ति से अधिक नहीं था।

निगमित शासन

आपकी कम्पनी में स्वस्थ निगमित शासन को बनाये रखने के लिए पारदर्शिता, अखण्डता, संव्यसायिकता तथा जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोक उधम विभाग (DPE) द्वारा निगमित शासन प्रणाली के मार्गदर्शी सिद्धातानुसार, निगमित शासन प्रणाली की स्थिति को सूचित करते हुये इसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में जमा कर दिया जाता है। कम्पनी में सेबी (SEBI) (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) द्वारा जारी निगमित शासन के दिशा–निर्देश कम्पनी द्वारा (प्रदत्त पूंजी 500 लाख रूपये से कम हाने के कारण) सिद्वांत लागु नही होते, लेकिन जहां तक संभव होता है उन तरीकों पर अमल अवश्य करती है, जिनकी सूचना अनुबंध–II में दर्शायी गयी है।

निदेशक मंडल (Board of Directors)

(क) वित्तीय वर्ष के दौरान एवं पश्चात कार्यालय के निम्नलिखित निदेशक नामित / नियुक्त किये गये हैं :–

श्री ज्ञानेश पाण्डेय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	26.07.2012 से
श्री राजीव टकरू अंश–कालिक निदेशक (शासकीय)	21.09.2012 से
श्री एस. के. राव अंश–कालिक निदेशक (शासकीय)	21.09.2012 से
श्री देबीदास दत्ता अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से

श्री अनील ए. मसंद अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से
प्रो. सुनील अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से
श्री एस. के. श्रीवास्तव अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	27.02.2013 से
श्री एस. के. जैन निदेशक (इंजीनियरिंग)	16.04.2013 से

(ख) वित्तीय वर्ष के दौरान एवं पश्चात निम्नलिखि निदेशक कार्यालय छोड़ कर गये हैं :–

श्री ज्ञानेश पाण्डेय निदेशक (इंजीनियरिंग)	01.06.2011 से 25.07.2012
श्रीमती धरित्री पण्डा अंश–कालिक निदेशक (शासकीय)	04.08.2011 से 21.09.2012
डा. राकेश कुमार अंश–कालिक निदेशक (शासकीय)	23.03.2012 से 21.09.2012
श्री राजीव टकरू अंश–कालिक निदेशक (शासकीय)	21.09.2012 से 27.02.2013

बोर्ड द्वारा श्रीमती धरित्री पण्डा, डा. राकेश कुमार, श्री राजीव टकरू तथा श्री ज्ञानेश पाण्डेय को उनके निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए एच एस सी सी के निदेशक बोर्ड द्वारा सराहा गया है।

(ग) वर्ष के दौरान निदेशक मण्डल के समीक्षाधीन अवधि में कार्यालय के निम्नलिखित निदेशक थे :–

श्री ज्ञानेश पाण्डेय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	26.07.2012 से आगे
श्री एस. के. राव संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	21.09.2012 से आगे
श्री देबीदास दत्ता अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से आगे
श्री अनील ए. मसंद अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से आगे
प्रो. सुनील अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से आगे
श्री एस. के. श्रीवास्तव अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	27.02.2013 से आगे
श्री एस. के. जैन निदेशक (इंजीनियरिंग)	16.04.2013 से आगे

निदेशकों की जिम्मेदारियों का विवरण (Directors' Responsibility Statement)

कम्पनी (संशोधित)अधिनियम, 2000 की धारा 217 (2एए) के तहत प्रावधानों के अनुसार, एतद्द्वारा आपके निदेशकों की रिपोर्ट निम्नलिखित है :–

- वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखा मानक को अपनाया जाता है।
- कम्पनी में वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू मानक लेखों को अपनाया गया है। कम्पनी द्वारा अपनायी गयी लेखाकार नीतियों का लगातार अनुपालन किया जा रहा है, क्योंकि यह वित्त वर्ष के अंत में कम्पनी की सत्य तथा स्पष्ट छवि एवं उस अवधि के कम्पनी के लाभ अथवा हानि को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करते हैं। कम्पनी द्वारा वर्ष के दौरान परामर्श शुल्क के संदर्भ में बनायी गयी लेखा नीतियों को संशोधित लेखा मानक (ए एस–7) अनुसार बदल लिया है।
- इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा करने तथा जालसाजी व अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनका पता लगाने के लिए लेखा रिकार्डों का उचित एवं पर्याप्त ध्यान रखा गया है।
- वार्षिक लेखों को निरन्तरता आधार पर तैयार किया गया है।

अनुपालन प्रमाण–पत्र

निदेशक रिपोर्ट में संशोधन अनुसार, कम्पनी (अनुपालन प्रमाण–पत्र) नियम, 2001 के संदर्भ में मैसर्स प्रवीन रस्तोगी एण्ड कम्पनी, कम्पनी सचिव पूर्ण–कालिक सेवा ने 31.03.2013 से एक अनुपालन प्रमाण–पत्र जारी किया है, जो अनुबन्ध–III पर निदेशक रिपोर्ट के अनुशेष अनुसार संलग्न है।

लेखा परीक्षक (Auditors)

कंपनी कार्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए मैसर्स जिंदल एण्ड कंपनी, सनदी लेखाकार को कम्पनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है। इसके लिए उन्हें वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए 3,00,000/– रूपये (तीन लाख रूपये मात्र) मेहनताना प्रदत्त किया जा रहा है जिसमें लागू सर्विस चार्ज भी शामिल है। यह उनकी नियुक्ति का चौथा वर्ष है।

सांविधिक लेखा परीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंधक वर्ग द्वारा दिए गए उत्तर अनुबंध–IV में दिए गए हैं।

सी ए जी (CAG) की प्रबंधक वर्ग की रिपोर्ट पर की गई टिप्पणियां अनुबंध–V में दी गई हैं।

निदेशक मण्डल लेखा परीक्षकों की बहूमूल्य सेवाओं के प्रति अपना आभार प्रकट करता है।

आभारोक्तियां

हम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों एवं सरकारी विभागों तथा कम्पनी के सम्मानित बैंकरों के आभारी हैं जिनसे हमें निरन्तर सहायता एवं सहयोग, समर्थन तथा मार्गदर्शन मिलता रहा है। हम अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों को भी अपना हार्दिक धन्यवाद देते हैं जिन्होंने कंपनी के सामर्थ्य और उसकी व्यावसायिक सक्षमता के प्रति अपना विश्वास दिखाया है।

कम्पनी के निदेशक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, अध्यक्ष एवं ऑडिट बोर्ड के सदस्य, सांविधिक लेखाकारों, आंतरिक लेखाकारों तथा कम्पनी के बैंकरों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।

निदेशक मण्डल ने कम्पनी के कर्मचारियों के सभी स्तरों पर निष्ठा–पूर्वक कार्य करने एवं कड़ी मेहनत और समर्पित भावना से कार्य करने की प्रशंसा की है जिनकी बदौलत कम्पनी श्रेष्ठ एवं निरंतर वृद्धि कर रही है।

निदेशक मण्डल के लिए और उनकी ओर से

नई दिल्ली
दिनांक : 2/7/2013

(ज्ञानेश पाण्डेय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

अनुबन्ध - I

वर्तमान में चल रही परियोजनाओं का विवरण जिनमें कम्पनी परामर्शदायी सेवाएं प्रदान कर रही है

क. वास्तुविद संबंधी योजना, डिजाइन एवं अभियांत्रिकी तथा परियोजना प्रबंधन

- निग्रिहम्स, शिलौंग हेतु नार्थ इस्टर्न इंस्टीस्टयूट ऑफ आर्युवेद एण्ड होम्योपैथी (NEIAH) संस्थान, शिलौंग का निर्माण
- नाहरलागुन (अरूणाचल प्रदेश) में सामान्य अस्पताल का निर्माण
- क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (RIMS), इम्फाल में पी.जी. पुरूष एवं महिला होस्टल, यू.जी. महिला होस्टल, नर्सिंग होस्टल एवं इन्ट्रनी होस्टल का निर्माण (पैकेज – I)
- क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (RIMS), इम्फाल (पैकेज – II) – ओ.पी.डी. ब्लॉक का निर्माण
- आर.एम.आर.सी. (RMRC), डिब्रूगढ़ में जैविक सुरक्षा प्रयोगशाला स्तर – 3 (Bio Safety Level – 3 Laboratory) की प्रयोगशाला

नार्थ इस्टर्न इंस्टीस्टयूट ऑफ आर्युवेद एण्ड होम्योपैथी (NEIAH) संस्थान, शिलौंग

- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) के तहत, अति–विशिष्ट ब्लॉक, कोलकता चिकित्सा महाविद्यालय (KMC), कोलकता हेतु ओ.पी.डी. एवं प्रशासनिक ब्लॉक का निर्माण
- डॉ. आर. पी. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) में अति–विशिष्ट ब्लॉक का निर्माण
- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) के तहत, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, अमृतसर में गुरू तेग बहादुर डायग्नोस्टिक सेंटर का निर्माण
- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) के तहत, भुवनेश्वर (ओड़िसा) में एम्स (AIIMS) हाऊसिंग का शेष कार्य तथा फेस – II का निर्माण
- एम्स (AIIMS), अंसारी नगर, नई दिल्ली हेतु एम्स (AIIMS) कैम्पस में पी.सी. शैक्षिक ब्लॉक का निर्माण
- एम्स (AIIMS), अंसारी नगर, नई दिल्ली हेतु एम्स (AIIMS) कैम्पस में डायनिंग ब्लॉक का निर्माण
- एम्स (AIIMS), अंसारी नगर, नई दिल्ली हेतु एम्स (AIIMS) कैम्पस में होस्टल ब्लॉक 1, 2 तथा 3 का निर्माण
- सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली का पुनर्विकास (फेस – I)

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली में ओनकोलॉजी ब्लॉक

- डा. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में अति विशिष्ट ब्लॉक
- सरिता विहार, नई दिल्ली में (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, आयुष विभाग के तहत) अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का निर्माण
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली हेतु बृहत पुनर्विकास योजना
- राष्ट्रीय यूनानी औषधिय संस्थान (NIUM), बैंगलूरू हेतु फेस – III कार्यों के तहत रेजीमैंटल थेरेपी ब्लॉक, ऑडिटोरियम तथा फार्मेसी भवन का निर्माण
- राष्ट्रीय रासायनिक जैविकी संस्थान (IICB), सॉल्ट लेक, कोलकत्ता में नये कैम्पस का विकास
- शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय (GMC), पटियाला में नर्सिंग कॉलेज तथा राष्ट्रीय स्तर की फिजियोथैरेपी कार्यशाला

- सब–स्टेशन कार्य, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय (GMC), पटियाला
- उन्नत केंसर डायग्नोस्टिक, उपचार एवं अनुसंधान केन्द्र, भटिंडा
- राष्ट्रीय पशु बायो–टैक्नोलाजी संस्थान, हैदराबाद
- कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज, करनाल, हरियाणा

उन्नत केंसर डायग्नोस्टिक, उपचार एवं अनुसंधान केन्द्र, भटिंडा

- पालाक्कड़, केरला में सरकारी मेडिकल कॉलेज
- मातृ एवं शिशु–बैंगलोर मैट्रो रेल कॉरपोरेशन हेतु बैंगलोर मेडिकल कॉलेज के कैम्पस में मैट्रो ब्लॉक
- आई.आई.टी. खड़गपुर हेतु 750 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण (फेस–I – 400 बिस्तरों वाला अस्पताल)
- पशु चिकित्सा जैविक उत्पाद संस्थान, पूणे हेतु वैक्सीन प्रसंस्करण सुविधाएं
- इम्टैक – सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (Institute of Microbial Technology – IMTECH), चंडीगढ़
- पंजाब हैल्थ सिस्टम (पी.एच.सी. तथा सी.एच.सी.)
- राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (NCDC), नई दिल्ली
- बाल चिकित्सा अस्पताल, श्रीनगर (Mother & Child Hospital, Srinagar)
- मातृ एवं शिशु अस्पताल, जम्मू एण्ड कश्मीर सरकार
- जम्मू एण्ड कश्मीर – पी.सी.सी. (J & K – PCC)

एम्स (AIIMS) छात्रावास

- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) – छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, केरला तथा हिमाचल प्रदेश

विदेश में (Abroad)

- बीर अस्पताल, काठमांडू, नेपाल हेतु 200 बिस्तरों वाला आपातकालीन एवं ट्राऊमा सेंटर
- डिकोया, श्री लंका में जिला सामान्य अस्पताल


डिकोया, श्री लंका में जिला सामान्य अस्पताल

ख. प्रापण प्रबंधन सेवाएं (Procurement Management Services)

- निग्रिहम्स (NEIGRIHMS), शिलौंग हेतु चिकित्सा उपकरण
- केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) हेतु दवाइयां एवं औषधियां
- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (All India Institute of Ayurveda – AIIA), सरिता विहार हेतु उपकरणों का प्रापण
- विदेश मंत्रालय (MEA), बीर अस्पताल, काठमांडू हेतु चिकित्सा उपकरण
- श्रीलंका हेतु चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति
- यंगून एवं सिटवे ग्यांमार हेतु चिकित्सा उपकरण

एच एस सी सी द्वारा हाल ही में पूर्ण की गई परियोजनाओं की एक झलक

भाड़सा, झझर, हरियाणा में एम्स, आऊटरिच–ओ.पी.डी. का उद्घाटन

माइक्रोबायल कन्टेंटमेंट कॉम्पलेक्स, पूणे में बी.एस.एल.–4 प्रयोगशाला का उद्घाटन

एम्स (AIIMS)- पी सी शैक्षणिक नई दिल्ली

आर.एम.आर.सी., डिब्रुगढ़ (असम) में अति–विशिष्ट प्रयोगशाला

कोलकाता मेडिकल कॉलेज का शैक्षिक खण्ड

कोलकाता मेडिकल कॉलेज का सभागार

लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज रिहायशी क्वाटर्स, नई दिल्ली

एम्स (AIIMS) भुवनेश्वर



एम्स (AIIMS)- भूतल पार्किंग नई दिल्ली

राष्ट्रीय यूनानी औषधिय संस्थान बैंगलोर



अनुबन्ध - II

कॉरपोरेट शासन रिपोर्ट

एक अच्छी कॉरपोरेट शासन नीति किसी भी कम्पनी के बेहतर परिणामों को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है, जो शेयरधारकों के मूल्यों व मैनेजमैंट में पारदर्शिता, आचार नीति, जवाबदेही तथा साफ–सुथरे परिणामों को दर्शाने व उनका ध्यान रखते हैं। मैंनेमेंट का यह दायित्व होता है कि वह विर्निदिष्ट मामलों में जहां तक संभव हो विस्तृत तरीके से तथ्यों को उपलब्ध करवाये।

क. अन्य कम्पनियों में बोर्ड निदेशकों की श्रेणी तथा डायरेक्टरशिप का सम्मिश्रण

दिनांक 31.03.2013 से कम्पनी के बोर्ड निदेशकों में एक पूर्ण–कालिक अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD), दो अंश–कालिक शासकीय निदेशक तथा तीन अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित दिया गया है :–

निदेशक	पूर्ण कालिक / अंश–कालिक
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	पूर्ण–कालिक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
श्री एस. के. राव *	अंश–कालिक, शासकीय निदेशक
श्री एस. के. श्रीवास्तव **	अंश–कालिक, शासकीय निदेशक
श्री देबीदास दत्ता ***	अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक
श्री अनील ए. मसंद ***	अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक
प्रो. सुशील ***	अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक

- श्री एस. के. राव को डॉ. राकेश कुमार के स्थान पर दिनांक 21.09.2012 से अंश–कालिक शासकीय निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

** श्री एस. के. श्रीवास्तव को श्री राजीव टकरू के स्थान पर दिनांक 27.02.2013 से अंश–कालिक शासकीय निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

*** श्री देबीदास दत्ता, श्री अनील ए. मंसद तथा प्रो. सुशील को दिनांक 02.01.2013 से अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

ख. कार्यकाल (TENURE)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्ण–कालिक निदेशकों की आयु 60 वर्ष निर्धारित की गई है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्ण–कालिक निदेशकों की नियुक्ति उनके चार्ज संभालने की तिथि से और उनकी अधिवर्षिता (Superannuation) की तिथि तक 5 वर्षों की होगी या भारत सरकार की ओर से अगले आदेशों तक और जो भी घटनाक्रम से पहले आदेश प्राप्त होगें।

सरकार द्वारा नामित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का प्रतिनिधित्व करने वाले निदेशक, भारत सरकार से सेवानिवृत्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारी बोर्ड के सदस्य हो सकते हैं।

अंश–कालिक, अ–शासकीय निदेशक भारत सरकार की ओर से तीन वर्ष की अवधि तक नियुक्त होंगे।

ग. बोर्ड बैठकें (BOARD MEETINGS)

अप्रैल, 2012 से मार्च, 2013 के बीच बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की (124वीं से 127वीं) चार बैठकें आयोजित की गई हैं, जिसमें एक बैठक प्रत्येक त्रैमासिक में दिनांक 29.06.2012, 09.08.2012, 26.11.2012 और 18.03.2013 को आयोजित की गई।

बैठकें एवं उपस्थिति

निदेशक	कार्यकाल के दौरान कितनी सभा बैठकें आयोजित की गई	उपस्थिति	पिछली वार्षिक साधारण बैठकों में उपस्थिति
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	4	4	हां
श्रीमती धरित्री पण्डा	2	2	लागू नहीं
डा. राकेश कुमार	2	2	हां
श्री एस. के. राव	2	2	हां
श्री राजीव टकरू	1	1	हां
श्री एस. के. श्रीवास्तव	1	1	लागू नहीं
श्री देबीदास दत्ता	1	0	लागू नहीं
श्री अनील ए. मसंद	1	1	लागू नहीं
प्रो. सुशील	1	1	लागू नहीं

घ. साधारण निकाय बैठकें

वार्षिक साधारण बैठक (Annual General Meeting)

गत 3 (तीन) वार्षिक साधारण बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गई हैं : –

वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान
2011-12	26.09.2012	सांय 05.15 बजे	सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) का कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली
2010-11	09.09.2011	सांय 03.30 बजे	सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) का कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली
